तापमान
अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 20.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 22 अप्रैल 2024

12 इनेला को झटका, जग्गी ने समर्थकों संग कांग्रेस का दामन थामा



12 महावीर जयंती पर निकाली प्रभातफेरी



## खबर संक्षेप

### महिला के गले से सोने की चेन गायब

**बराड़ा।** कथा सुनने आई एक महिला के गले से सोने की चेन गायब हो जाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता महिला विनोद बाला ने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग से रिटायर्ड है। बीते दिनों यहां श्री भागवत कथा का आयोजन किया गया था जिसमें वह कथा सुनने को गई। उस समय महिला के गले में सोने की चेन थी लेकिन जब वह कथा से वापिस घर लौटने लगी तो देखा कि उसकी सोने की चेन गले से गायब हो चुकी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेलवे कॉलोनी बराड़ा से महिला लापता

**बराड़ा।** रेलवे कॉलोनी से एक विवाहिता लापता हो गई है।पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित राधेश्याम ने बताया कि 18 अप्रैल 2024 को उसकी पत्नी सुनैना सुबह अपने घर से काम पर जाने को निकली थी लेकिन अब तक वापिस नहीं लौटी। परिजन पहले तो अपने स्तर पर उसकी तलाश करते रहे लेकिन उसके बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिली।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अवतार सिंह को गिरफ्तार किया है। राजपुरा के जॉनी ने 12 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 8 जुलाई 2022 से 20 सितंबर 2022 के दौरान आरोपी अवतार सिंह व अन्य ने उससे गांव सुल्लर में जमीन बेचने के मामले धोखाधडी कर एक बडी रकम हड़पने का अपराधिक कार्य किया है।

### धमकी देने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज ट्रैक्टर में टक्कर मारकर नुकसान पहुंचाने,खेत को जबरदस्ती बिजाई करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी सतपाल व निपुण को गिरफ्तार किया है। वासलपुर के सलामुद्दीन ने 6 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने अपने ट्रैक्टर को चलाकर उसके ट्रैक्टर को टक्कर मारकर नुकसान पहुंचाने ,खेत को जबरदस्ती बिजने का अपरधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# दो पक्षों में हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत, मृतक के परिजनों ने लगाया जाम

## पुलिस टीम पर किया पथराव, एक पुलिस कर्मी घायल, पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कीर्ति नगर में शनिवार देर रात्रि दो पक्षों में हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस टीम पर भी पथराव किया जिसमें एक एसआई के आंख पर चोंटे आई है जोकि पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन है। मृतक व्यक्ति की पहचान करीब 40 वर्षीय सोमनाथ निवासी कीर्ति नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एलएनजेपी अस्पताल के पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। रविवार सुबह एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे परिजनों ने मृतक का शव लेने से इंकार कर दिया और मृतक के परिजनों ने मामले में संलिप्त दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कुरुक्षेत्र-कैथल मार्ग पर एलएनजेपी अस्पताल के समक्ष जाम लगा दिया। करीब आधा घंटा तक जाम लगा रहा जिस कारण वाहन चालकों को खासी परेशानी हुई। मौके पर पहुंचे थाना कृष्णा गेट के प्रभारी कर्मवीर सिंह ने जाम लगा रहे लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, तब जाकर मृतक के परिजनों व अन्य लोगों ने जाम खोला। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक सोमनाथ के पुत्र अमित की शिकायत पर पुलिस ने 8 नामजद सहित 4 अन्य के खिलाफ मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अमित ने बताया कि वह शनिवार रात्रि अपने ताऊ के घर जा रहा था। कीर्ति नगर मं राजेंद्र चक्की के नजदीक बैठे सन्नी, छोटा, अजय, विक्रांत, नवनीत, जोगिन्द्र, व शारदा व अन्य तीन चार लड़कों ने आवाज मारकर उसे बुलाया और सभी ने उसके उपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। इन्होंने राड लोहा, गंडासी, ईट व तलवार से हमला किया। जब उसने शोर मचाया तो उसके पिता सोमनाथ उसे छुड़ाने की कोशिश करने लगे तो इन्होंने लोहे की राड व डंडो से उन पर भी हमला कर दिया। उसे छुड़ाने के लिए उसके मौसी के लड़के आकाश, दीपक व रामपाल आए तो उन पर भी चाकू व तलवारों से हमला कर दिया। हमले में सभी बुरी तरह से घायल हो गए। पड़ोसियों ने घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाया जहां चिकित्सकों ने उसके पिता सोमनाथ को मृतक घोषित कर दिया।

- हमलावरों ने चाकू व तलवारों से हमला किया



कुरुक्षेत्र। एलएनजेपी अस्पताल के बाहर जाम लगाकर बैठे मृतक के परिजन व अन्य।

### दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा

थाना कृष्णा गेट प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि दो पक्षों के आपसी झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति के पुत्र अमित की शिकायत पर सन्नी, छोटा, अजय, विक्रांत, नवनीत, अजय, जोगिंद्र, शारदा व 4 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम पर भी पथराव किया गया है जिसमें एसआई ऋषिपाल की आंख पर गहरी चोट लगी है।

# पहले अपहरण किया फिर गला दबाकर किया कत्ल

## आरोपी ने रिमांड के दौरान किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अपहरण के बाद रेलवे कर्मचारी के इकलौते बेटे की गला दबाकर हत्या की गई थी। सीआईए टू ने किशोर की हत्या में शामिल आरोपी को काबू कर लिया है। पड़ोसी अश्वनी ने ही गौरव उर्फ गोलू की गला दबा हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी अश्वनी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साले की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में गला दबा कर गौरव की हत्या की थी। लाश को ठिकाने लगाने के लिए सूटकेस खरीदा और फिर दुधला मंडी के रिंकू के पास गिरवी रखी होंडा सिटी की डिग्गी में शव को रखा। ऐन वक्त पर रिंकू गाड़ी मांगने आ गया था जिसकी वजह से वह गौरव की लाश को ठिकाने नहीं लगा पाया। आरोपी ने बताया कि उसके ऊपर 1.70 लाख का कार का लोन था। गौरव के पिता से फिरौती मांगने के लिए ही गौरव को किडनैप किया था। जब गाड़ी में गौरव ने विरोध किया तो गला दबा मौत के घाट उतार दिया।

- फिरौती के लिए किशोर का किया था अपहरण

### कार की डिक्की में सूटकेस में मिली थी लाश

बता दें कि गौरव की 5 अप्रैल को कार की डिक्की में सूटकेस में लाश मिली थी। अश्वनी ने 1.70 लाख का कर्ज उतारने के लिए गौरव के अपहरण की योजना बनाई थी। हिम्मतपुरा में रहने वाले देवी सहाय रेलवे में नौकरी करते हैं। देवी सहाय के एक बेटा गौरव और 4 बेटियां है। गौरव 9वीं क्लास में पढ़ता था। गौरव 3 अप्रैल को अचानक घर से लापता हो गया था। पड़ोसी अश्वनी ने गौरव के पिता को एक लेटर लाकर दिया। उसने देवी सहाय को बताया कि कोई व्यक्ति उसकी बाइक पर लेटर छोड़ गया है। इस लेटर में 4 लाख फिरौती मांगी गई थी। हैरत की बात है कि गौरव का कत्ल करने के बावजूद आरोपी उसे तलाशने का ड्रामा करता रहा।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में पूर्व छात्रों की संगीतमई महफिल ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में पूर्व छात्रों ने अपने 200 वें महफिल के दो दिवसीय कार्यक्रम का आगाज संस्थान के जुबिली हाल मे आयोजित किया जिसमें आरईसी (रेक) एवं निट के लगभग 125 पूर्व छात्रों एवं पूर्व अध्यापकों ने अपने परिवार के साथ भाग लिया। इसमें कुछ छात्र तो इस संस्थान की स्थापना के समय के छात्र थे। इस महफिल का मुख्य उद्देश्य संगीत के माध्यम से आज के युग की तनाव भरी जिंदगी को सरल बनाना है। इस महफिल का शुभारंभ भारतीय संस्कृति की परंपरानुसार दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व प्रोफेसर, पूर्व विभागाध्यक्ष एवं पूर्व डीन प्रो. बी एस गिल थे। प्रो. बी एस गिल एस संस्थान से 1997 मे सेवानिवृत हुए थे । इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संस्थान के डीन (छात्र कल्याण ), प्रो. दीक्षित गर्ग रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. बी एस गिल ने अपने उद्बोधन मे पूर्व छात्रों से संस्थान की बेहतरी के लिए तन ,मन और धन से सहयोग देने की अपील की और इस तरह के कार्यक्रमों को भविष्य मे ज्यादा संख्या मे आयोजित करने पर बल दिया जिससे वर्तमान छात्रों को पूर्व छात्रों के व्यापक अनुभव का लाभ अधिक से अधिक मिल सके। कार्यक्रम मे पूर्व छात्रों द्वारा अपने जमाने के फिल्मी संगीत की धुनों पर गीतों की मन मोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर संस्थान की और से प्रमुख रूप से प्रो. दीक्षित गर्ग, प्रो. प्रतिभा अग्रवाल, डा. योगेश अग्रवाल, डा. जगन्नाथ , डा. दिलबाग पंचाल, डा. शाहीदा एवं पंकज कुमार बायती , उप-कुलसचिव, छात्र कल्याण आदि शिक्षक व अधिकारी उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। पूर्व छात्र महफिल के दो दिवसीय कार्यक्रम में अपने परिवार के साथ।

# लाखों की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## आरोपी एनडीपीएस एक्ट के सात केसों में एक साल से चल रहा था फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने कलानौर नाके के पास से 420 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब 20 लाख रुपये है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपियों में से एक आरोपी ए न डी पी ए स एक्ट के सात केसों में एक साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।

डीएसपी राजेश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज रविकांत को सूचना मिली थी कि कुछ हेरोइन तस्कर उत्तर प्रदेश से हेरोइन लेकर यमुनानगर आएंगे। सूचना मिलते ही एएसआइ जसवीर सिंह हैप्पी, सतीश कुमार, राजेंद्र व बीरबल की टीम का गठन किया गया। टीम ने कलानौर बार्डर पर नाकाबंदी की। इसी दौरान पुलिस टीम ने दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों युवकों को रोककर उनसे पूछताछ की तो उनकी पहचान वीनानगर कैंप निवासी योगेश उर्फ मच्छर व उत्तर प्रदेश के गांव घाटोपुर निवासी राशिद के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी योगेश से 330 ग्राम व राशिद से 90 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से बरामद हेरोइन की कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। पूछताछ में सामने आया कि अब तक राशिद से योगेश ही हेरोइन लेकर आता था लेकिन इस बार राशिद उसके साथ ठिकाने देखने के लिए आ रहा था। जिस पर दोनों को दबोच लिया गया।

- आरोपी योगेश से 330 ग्राम व राशिद से 90 ग्राम हेरोइन बरामद हुई



यमुनानगर की एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी तस्कर।

### आरोपियों को रिमांड पर लिया गया

डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि आरोपित योगेश एनडीपीएस एक्ट के सात केसों में एक वर्ष से फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। वहीं राशिद हेरोइन तस्करी का मुख्य आरोपित है। उसके पास से ही जिले में अधिकतर लोगों तक हेरोइन पहुंचती है। इन आरोपितों के पकड़े जाने से काफी हद तक जिले में हेरोइन तस्करी पर अंकुश लगेगा। उन्होंने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

# एक्टिवा की टक्कर से घायल महिला की अस्पताल में मौत

**अंबाला।** खेत से वापस लौट रही महिला को एक्टिवा ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला सड़क पर जा गिरी और सिर में गंभीर चोट आई। सिर से खून ज्यादा बहने पर महिला की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। मृतक महिला की शिनाख्त गांव मलौर की कृष्णा के रूप में हुई है। गांव मलौर के मनदीप सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर बाद वह और उसकी चाची कृष्णा गांव घाघरु की तरफ से वापस घर आ रहे थे। वे खेतों में काम करने गए थे। जब वे सतबीर सिंह के खेत के पास पहुंचे, उसकी चाची आगे-आगे अपनी साइड में चल रही थी। उसी समय घाघरु गांव की तरफ से तेज रफ्तार एक्टिवा सवार ने उसकी चाची को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसकी चाची सड़क पर जा गिरी और सिर सड़क पर जा लगा। सिर से खून बहने लगा, जिसकी वजह से उसकी चाची बेहोश हो गई। एक्टिवा चालक ने अपनी पहचान गांव दामला के मांगे राम बताई। वह उसी एक्टिवा पर उसकी चाची को चौड़मस्तपुर सीएचसी ले गया। यहां डॉक्टरों ने उसकी चाची को सिविल अस्पताल अंबाला शहर रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल में जांच के दौरान उसकी चाची ने दम तोड़ दिया।

# प्रेम विवाह करने वाले युवक पर किया हमला

यमुनानगर। शहर की अमरपुरी कॉलोनी में रहने वाले हिमांशु पर कुछ युवकों ने रॉड से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हिमांशु ने कुछ दिन पहले कविता के साथ प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव चांदपुर अंबेहटा निवासी हिमांशु यहां अमरपुरी कालोनी में रह रहा है। वह अपने काम से थाना छप्पर गया हुआ था। वहां से काम खत्म कर वह टोल प्लाजा से होता हुआ भंभौल के पास पेशाब करने के लिए रूका। तभी तीन बाइक पर सात-आठ युवक आए। आरोपियों में गांव भंभौली निवासी सुशांत उर्फ सोनू, नितिन व संजीव थे। आरोपियों ने आते ही उस पर रॉड से हमला कर दिया और उसकी कार भी तोड़ दी। आरोपियों ने मोबाइल से उसकी वीडियो भी बनाई। इसके बाद आरोपी उसे व उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

- पुलिस ने तीन आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

# कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को किया जागरूक



**थानेसर।** धरती की घटती उर्वरता शक्ति चिंता का विषय है। पहले ही धरती में घटते जल स्तर ने कृषि की स्थिति को खराब किया है। कृषि महंगी दर महंगी होती जा रही है। ऐसे में किसानों को अपनी जिम्मेवारी को समझना होगा। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सी बी सिंह ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर किसानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसानों की अधिक से अधिक पैदावार लेने की होड़ ने धरती को निचोड़ कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें किसानों द्वारा अधिक कृषि रासायनों प्रयोग भी कारण है। डा. सिंह ने कहा कि कृषि का अर्थ ही पृथ्वी और मृदा है। जब तक भूमि सुरक्षित रहेगी, उपजाऊ रहेगी तभी कृषि टिकी रहेगी। किसानों ने आधुनिक तरीकों, अत्यधिक रसायनों, अधिकतम उपज लेने के लालच में भूमि को बिल्कुल निचोड़ लिया गया है। आर्गेनिक कार्बन, पोषक तत्व न्यूनतम स्तर पर आ चुके हैं। अब किसान भी इस स्थिति समझ रहे हैं कि अगर इसी तरह व्यवहार किया गया तो भूमि को बंजर होने से कोई नहीं रोक सकता है।

# दुकान में रखा फ्रीज फटा बिखरा दुकान का सामान

**पानीपत।** शहर में एनएफएल विकास नगर में रविवार सुबह एक दुकान में घटना हो गई। जहां एक दुकान के भीतर रखा फ्रिज अचानक फट गया। फ्रिज फटने का धमाका सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। धमाके के साथ दुकान के भीतर रखा सामान बाहर गली तक बिखर गया। दुकान के भीतर सामान तितर-बितर हो गया। गनीमत रही कि दुकान के भीतर उस वक्त सर्फि दुकानदार था। वह भी बाल-बाल बच गया। धमाके से क्षेत्र वासी दहल गए। सभी लोग मौके पर पहुंचे और दुकानदार की मदद में जुट गए। सुरेंद्र ने बताया कि उसके भाई भूपेंद्र की विकास नगर, गली नंबर 17 में राधे-राधे किराणा स्टोर के नाम से दुकान है। दुकान करीब 20 साल पुरानी है। इसी दुकान में उसके पिता लक्ष्मीकांत के समय से एक छोटा फ्रिज रखा हुआ है। जिसमें रविवार सुबह करीब 8 बजे पहले स्पॉकिंग हुई। इसके बाद उसमें आग लगी। इससे पहले की वे उस पर काबू पा सकते आग लगते ही वह फट गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। वहीं फ्रिज इतनी जोर से फटा कि उसके फटने का धमाका क्षेत्र में 500 मीटर दूर तक सुनाई दिया।

## जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में अग्नि सप्ताह के अंतर्गत अग्निशमन मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

# आग पर काबू पाने के लिए दमकल गाड़ी को तुरंत दें रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के आईसीटी सभागार में अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। दमकल अधिकारी नरेंद्र कुमार यादव ने अग्नि शमन का महत्व बताया। दमकल अधिकारी नरेंद्र कुमार यादव ने अग्निशमन के दिन की शुरुआत होने की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की अग्नि से संबंधित दुर्घटना के लिए वहां पर मौजूद ओयोक्ति तथा संबंधित अधिकारी जिम्मेवार हैं। हमें अग्निशमन गाड़ी को तुरंत रास्ता देना चाहिए। ताकि समय रहते मौके पर बचाव किया जा सके। अग्नि दुर्घटना के समय 112 पर डायल कर काबू पाया जा सकता है। आग तीन तत्वों गर्मी, तापमान तथा ऑक्सीजन से बनता ही। अक्सर आक्सीजन के अभाव में धुएं में सांस लेने के कारण लोग मौत की चपेट में आ जाते हैं।



यमुनानगर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित मॉक ड्रिल की जानकारी देते विशेषज्ञ।

### अग्नि शमन यंत्रों की जानकारी दी

नरेंद्र यादव ने विभिन्न प्रकार के अग्नि शमन यंत्रों की भी जानकारी दी। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि इस विषय को गंभीरता से लें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रश्न भी पूछे। जिनमें राखी शर्मा, अंकुश सिंगला तथा मोनिका साहनी प्रमुख रहे। नरेंद्र यादव ने सभी के बड़ी बारीकी से तथा बड़ी बेबाकी से सभी उत्तर दिए। इसके उपरांत सहायक फायर ऑफिसर विजय कोचर ने अग्नि शमन यंत्र का प्रयोग करके दिखाया। जिसे उपस्थित सभी ने विस्तार से समझा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव गर्ग ने कहा कि आग में लोगों की जान बचाने वाले उनके लिए किसी तरह से भी एक भगवान से कम नहीं हैं। मौके पर अंकुश सिंगला आदि मौजूद रहे।

# पानीपत में मिला बुजुर्ग महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की थर्मल कॉलोनी स्थित घर में एक बुजुर्ग महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। महिला अपने घर पर अकेली रहती थी। कई दिनों से बेटे से बात नहीं हुई थी। जिसके चलते वह बिहार से पानीपत लौटा। यहां लौटने पर देखा कि मां फर्श पर मृत हालत में पड़ी हुई है। पूरे घर में बदबू फैली हुई है। शव पर कीड़े भी रेंग रहे थे। जिसके बाद उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर जन सेवा दल के सदस्य कपिल मल्होत्रा को बुलाया गया। जिनकी टीम ने शव को एम्बुलेंस में रखकर सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां उसका पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवा दिया गया है। थर्मल चौकी इंचार्ज एएसआई कुलदीप ने बताया कि महिला की पहचान 64 वर्षीय कविता पत्नी लक्ष्मण पांडेय के रूप में हुई है। उसका पैतृक गांव बिहार के सीवान जिले का सिपोली है। महिला का पति थर्मल से रिटायर्ड है। वे पिछले कई सालों से थर्मल कॉलोनी में ही अपने मकान में रहते हैं। पिछले कई दिनों से बेटा अनूप पांडेय पैतृक गांव में गया हुआ था। महिला को सांस की बीमारी थी। जिसका सिविल अस्पताल से इलाज चल रहा था। उसके पैरों में भी इन्फेक्शन था। बीमारी के कारण उसकी मौत हो गई। घर पर कोई नहीं था। इसलिए उसकी देखभाल भी नहीं हो पाई। महिला के सीने पर खाने की प्लेट भी पड़ी हुई थी। शव देखने पर ऐसा लगा कि जैसे महिला खाना खाते वक्त अचानक फर्श पर गिरी गई और उसकी मौत हो गई। उसके हाथ में खाने की प्लेट भी उसके सीने पर पड़ी रह गई।

- महिला अपने घर पर अकेली रहती थी
- बेटा जब बिहार से पानीपत लौटा तो देखा की उसकी मां फर्श पर मृत हालत में पड़ी है

## खबर संक्षेप

### सुरेन्द्र टाया ने जजपा से दिया त्यागपत्र

**करनाल।** करनाल में जननायक जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान महासचिव सुरेन्द्र टाया गोहिदा ने पार्टी की सदस्यता और अपने दायित्वों से त्यागपत्र दे दिया है। जजपा में नेताओं द्वारा पार्टी छोडऩे के सिलसिला लगातार जारी है। उन्होंने पार्टी में अनदेखी के चलते अपना इस्तीफा दिया है।

### राधा नाम की फुलवारी कार्यक्रम का आयोजन

**करनाल।** सेक्टर-13 स्थित हुड्डा मैदान में अपना आशियाना द्वारा राधा नाम की फुलवारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब ऑफ करनाल उदय ने भी भाग लिया और अपना सहयोग दिया। राधा नाम की फुलवारी कार्यक्रम में बाबा श्री चित्र विचित्र बिहारी दास जी ने भजन प्रस्तुत किए। भगवान कृष्ण और राधा को समर्पित भजनों ने समा बांधा। चित्र विचित्र के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

### चुनाव के दौरान बिना अनुमति न छोड़े स्टेशन

**इंद्री।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अशोक कुमार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए 25 मई को मतदान होना निश्चित हुआ है। इसलिए खंड स्तर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए जाते हैं कि वे मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक बिना अनुमति अवकाश व अपना स्टेशन न छोड़ें। उन्होंने कहा कि अति आवश्यक होने पर ही अवकाश दिया जाएगा।

### सीएम नसब की पत्नी कार्यक्रमों में लेंगी भाग

**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी 22 अप्रैल दिन सोमवार को करनाल पहुंचेंगी और विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। इस दौरान सुमन सैनी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाएंगी और करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा प्रत्याशी नायब सैनी के लिए वोट की अपील करेंगी।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**करनाल।** रविवार को मानव सेवा संघ में अर्पणा अस्पताल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। विशेषज्ञ डाक्टरों ने नेत्र रोगियों तथा अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित लोगों का चैकअप किया। लगभग 100 लोगों ने कैंप में चैकअप करवाया। 17 मरीजों की आंखें आप्रेशन योग्य पाई गई, जिन्हें अर्पणा अस्पताल ले जाया गया।

### क्षतिपूर्ति की भरपाई के लिए करवाऐ रजिस्ट्रेशन

**इंद्री।** एसडीएम अशोक कुमार ने कहा कि इंद्री खंड में बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जिन गांवों में किसानों की फसल खराब हुई है। उन किसानों को राहत देने के लिए प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए बिना समय गंवाए फसल के नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि जिन भी किसान की फसलों का नुकसान हुआ हैं वे जल्द से जल्द पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा लें।



गेहूं के कट्टों से अटी हुई मंडी।

गेहूं का उठान धीमा होने से मंडी में जाम, किसान परेशान

# गेहूं का उठान धीमा होने से मंडी में जाम, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭निगदू

अनाज मंडी निगदू में हरियाणा वेयरहाउस द्वारा खरीदी गई गेहूं का उठान धीमा होने के चलते मंडी में जाम की स्थिति बनी हुई है। जिसके चलते किसानों को अपनी 6 महीने के खून पसीने की कमाई को मिट्टी में डालने को मजबूर होना पड़ रहा है। मंडी प्रधान सुरेंद्र मैहला ने बताया कि 16 अप्रैल से वेयरहाउस ने गेहूं की खरीद शुरू की थी। लेकिन उठान के मामले में कछुआ चाल से चल रहा है। जिसका खामियाजा आढ़तियों,किसानों व मजदूरों को भुगताना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस द्वारा सुबह 10 बजे के बाद उठान शुरू किया जाता है और सायं 6 बजे से पहले ही उठान को बंद कर दिया जाता है। जबकि सीजन को ध्यान में रखते हुए उठान सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक माल का उठान होना चाहिए। जिससे मंडी में जाम की स्थिति ना बने। प्रधान ने कहा कि वेयरहाउस में माल उतारने करने के लिए केवल 3 प्वाइंट बनाए हुए है जोकि नाकाफी है। जबकि इस समय कम से कम 8 या 10 प्वाइंट बनने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्वाइंट व समय बढ़ाने के लिए मैनेजर से कई बार कह चुके है। लेकिन मैनेजर समस्या का समाधान करने को तैयार ही नही है। जिससे आढ़तियों,किसानों व मजदूरों में वेयरहाउस के अधिकारियों की कार्यप्रणाली के प्रति गहरा रोष है। उन्होंने मांग की है कि शीघ्र ही माल उतारने के लिए प्वाइंट बढ़ाए जाएं।

#### दूषित पानी पीकर काम कर रहे मजदूर

गजे सिंह,जगदीश,कृष्ण चंद,कुलदीप ने बताया कि गर्मी के मौसम में मजदूर कड़ी मेहनत करते है। जबकि कार्य स्थल पर मजदूरों को पीने के लिए दूषित पानी पीकर काम करना पड़ रहा है। कार्य स्थल पर मजदूरों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है।

#### माल के उठान की गति बढ़ाने का हो रहर प्रयास

वेयरहाउस के मैनेजन जोगिंद्र ने बताया कि अब तक अढ़ाई लाख बैग गेहूं की खरीद की गई है। 70 हजार बैग मंडी से उठान हो चुका है। लेबर के काम पर आते ही माल की उतरवाई शुरू करवा दी जाती है। सायं के समय जब लेबर काम करना बंद कर देती है तो उस समय माल की उतरवाई बंद होती है। मंडी की समस्या को ध्यान में रखते हुए माल के उठान की गति का बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# रोग मुक्त जीवन को योग जरूरी

- जन जन का बस यही है नारा,रोग मुक्त हो जीवन हमारा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व आज का विशेष सत्र फव्वारा पार्क सैक्टर 12 से संचालित किया गया।मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी जी ने सूक्ष्म व्यायाम के साथ साथ आसन सत्र का अभ्यास करवाया। रविवार का दिन सूर्य भगवान का दिन तो आज 51 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास शिक्षकों और साधकों ने करवाया।सूर्य नमस्कार का मतलब भगवान सूर्य को नमस्कार करना है।यह आपको एकसाथ 12 योगासनों का फायदा देता है।इसलिए इसे सर्वश्रेष्ठ योगासन भी कहा जाता है।सूर्य नमस्कार के दौरान 12 बार भगवान सूर्य को 12 मुद्राओं में नमस्कार किया जाता है। सूर्य नमस्कार आपके दिन की शुरुवात करने का सही तरीका है क्योंकि यह आपके शरीर,मन और आत्मा को भीतर की रोशनी के प्रति जागृत करता है। इस अवसर पर योग शिक्षक नीलम बटला, वीना धीर, एनफ चौधरी, बरखा जिंदल, नवीन जिंदल, मनोज कामरा,वीना सेठ,राजीव शर्मा,शिवानी कंबोज, राधिका भाटिया, ईशा धवन, नीरज गुप्ता, मंजू शर्मा, कोमल कंबोज, कुसुम राणा, पूनम खन्ना, नरेश चौधरी, एसपी शर्मा, और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

# करनाल से भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीत : सुनील गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



भाजपा जिला महामंत्री सुनील गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है। देश की जनता नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल की ऐतिहासिक जीत होगी। प्रदेश की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की दिन रात सेवा की है और 10 सालों में हरियाणा को विकास में सबसे आगे लाकर खड़ा कर दिया है। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यह जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में 400 पार के नारे को पूरा करने के लिए और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरा देश उत्साहित है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत का नाम आज पूरे विश्व में गूंज रहा है। सुनील गोयल ने कहा कि सीएम नायब सैनी अब प्रदेश में विकास को गति देंगे।

### आग से कई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

**तरावड़ी।** 21 अप्रैल तरावड़ी के गांव पधाना में आज खड़ी फसल व फसल के अवशेष को आग लग गई लगभग 200 एकड़ फसल में आग लगी है जिसमें लगभग कई दर्जनों एकड़ में तो खड़ी फसल तैयार थी जो काटने से वाली थी आनन फानन में किसान खेत में पहुंचे ट्रैक्टर हीरो के जरिए आग पर प्रयास किया आग इतनी तेजी से पूरे आसपास के इलाके में फैल गई और जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची तब तक कई एकड़ फसल जलकर राख हो चुकी थी । मौके पर पुलिस पहुंची नीलोखेड़ी के डीएसपी विजय कुमार भी अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने किसानों को आश्वावन किया कि जल्द ही तहसील अधिकारी मौके पर पहुंचकर मुयाना किया।

# राम कथा में किया हनुमान का वर्णन

- जहां रामकथा उस स्थान पर किसी रूप मे विराजमान रहते है श्री हनुमान : देवी सुदीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी



तरावड़ी। मंच से रामकथा का वर्णन करते देवी सुदीक्षा व उपस्थित श्रद्धालुगण।

श्री हनुमान जी प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य मे श्री हनुमान सेवा समिति की ओर मां अन्नपूर्णा आश्रम मे तीन दिन के कार्यक्रम आरंभ हुआ। आज के कार्यक्रम मे ज्योति प्रज्जवलित करके श्री सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। उसके तत्पश्चात मुख्य रूप से सहारनपुर से आई स्वामी रामानन्द सरस्वती नकुड़ वालें की परम शिष्या सुश्री देवी सुदीक्षा सरस्वती रामायणी ने भक्तों को श्री सुंदरकांड की महिमा का वर्णन करते हुये बताया कि श्री सुन्दरकांड सात भागों मे श्री हनुमान जी को श्री राम का परममित्र बताया और कि श्री हनुमान ने श्री राम से मित्रता निभाते हुये उनके मन मे अपना स्थान बनाया। उन्होने बताया कि रामकथा ना केवल भगवान व भक्त के पवित्र रिश्ते जोड़ती है बल्कि भगवान राम के जीवन के प्रत्येक प्रसंग रिश्ते व संयम की प्रेरणा देती है। रामकथा रिश्तों को जोडऩे का सुगम रास्ता है। देवी सुदीक्षा ने बताया कि जो इंसान प्रतिदिन श्री सुंदरकांड का पाठ करता है उससे दुख द्ररिता कोसो दूर रहती है।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र देश हित में: राजेश वैध

- कांग्रेस बूथ कमेटी का एक एक सदस्य बूथ मैनेजमेंट मे बन चुका है मजबूत : प्रोफेसर राजेश वैध

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते डिवीजनल कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर राजेश वैध।

हरियाणा लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट व करनाल लोकसभा के डिवीजनल कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर राजेश वैध ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र हमारे देश की बेहतरी के लिए हमारे वादों को दर्शाता है। पांच न्याय और 25 गारंटी के माध्यम से हम हर भारतीय के लिए सर्वश्रेष्ठ का वादा करते हैं। देशवासी इस नए संकल्प के साथ भारत के नए और सुनहरे कल के निर्माण के लिए आगे आए और कांग्रेस का हाथ मजबूत करें। उक्त विचार राजेश वैध ने आज कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बूथ कमेटी के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इस बार हर बूथ पर मुस्तैद व चौकन्ने होकर सब ने अपनी ड्यूटी निभानी है। वैध ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में रोजगार, सामाजिक न्याय के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की बात की है, पार्टी ने वादा किया है कि वो बिना भेदभाव के प्रत्येक नागरिक के हक, धार्मिक स्वतंत्रता और उनसे जुड़े हकों और संघवाद की रक्षा करेगी।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों से वादा किया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाला कानून भी लाया जाएगा और कर्ज माफी का भी प्रावधान होगा। कांग्रेस ने सत्ता में आने पर इलेक्टोरल बॉड स्कीम, पीएम केयर फंड, सरकारी संपत्तियों की बिक्री को लेकर हुई डील्स और रक्षा सौदों की जांच कराने की बात कही है। बैठक मे पूर्व पार्षद पूजा रानी,पोली राम, नाथी राम सिंगर,सरपंच रत्न लाल बरानी, जगदीश चंद्र, मास्टर मेहर चंद्र, संत्रो देवी, बलराज, सत्यनारायण, प्रदीप शर्मा, कुलदीप सिंह समेत सेंकड़ो महिलाएं व कांग्रेस कार्यकत्रा उपस्थित रहे।

# सूर्य मंदिर का स्थापना दिवस उत्साह से मनेगा

- स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



छठ पर्व सेवा समिति मंडल की ओर से सूर्य मंदिर का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। कार्यक्रमों का आयोजन एक और दो मई को किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आमंत्रित किया गया है। सूर्य मंदिर के प्रधान सुरेश यादव और अन्य पदाधिकारियों ने पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता के निवास पर पहुंचकर कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। इससे पहले मंदिर में सर्वमनोकामना सिद्धि हवन यज्ञ किया गया। मुख्य यजमान के रूप में राजेश यादव ने शिरकत की। हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर विश्व शांति व परिवारों में सुख समृद्धि की कामना की गई। प्रधान सुरेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि एक मई को मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। रात नौ बजे पावन जोत प्रज्जवलित की जाएगी। दो मई को सुबह नवग्रह पूजा की जाएगी। इसके बाद ध्वजारोहण किया जाएगा। दोपहर को भंडारा लगाकर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। सूर्य मंदिर का यह 22वां स्थापना दिवस समारोह होगा। कार्यक्रमों में सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व शैक्षणिक शख्सियतों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, शत्रोघन राय, राम बहादुर, राम सागर, मुंशी राय, राम दयाल, भूषण यादव, सिकंदर मेहतो, रोहित कुमार, दिलीप कुमार, अरविंद यादव, संजीव कुमार, अशोक कुमार, दिलीप कुमार आदि रहे।

# खेलों से होता है शारीरिक विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



करनाल पुलिस अधिकारी एएसपी प्रबिना ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है और वर्तमान समय में खेलों में करियर बनाने की भी अपार संभावनाएं हैं। एएसपी बी-24 बेडमिंटन अकादमी की ओर से आयोजित बेडमिंटन टूर्नामेंट के उदघाटन अवसर पर खिलाडिय़ों को संबोधित कर रही थीं। टूर्नामेंट में यूपी, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा उत्तराखंड व पंजाब के खिलाड़ी भाग ले रहें हैं। इस मौके पर अकादमी संचालक नरेंद्र कुकरेजा व रवि भाटिया ने मुख्य अतिथि एएसपी प्रबिना को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। टूर्नामेंट का उदघाटन एएसपी ने रिबन काट कर किया। पहले राउंड के परिणामों की जानकारी देते हुए नरेंद्र कुकरेजा व रवि भाटिया ने बताया कि लडक़ों के अंडर-13 आयु वर्ग में आरव ने सोहम, गर्व ने राघव, जशमंजोत ने अराधेय, गर्वित ने कबीर, लक्षित ने केशव, हर्षमन ने आदित, आरव ने अंशुमन, परनीत ने मनवीर, रणविजय ने शौर्य, सोमिल ने जीवेश तथा आरव ने मिहेर को हराया। लड़कियों के अंडर-9 आयु वर्ग में अवनी कुकरेजा ने अनविका व मीरा ने हिमानी का पराजित किया। अंडर-11 आयु वर्ग में आलियाना ने अदविका तथा सानवी ने लविशा को हराया। अंडर-13 आयु वर्ग में हर्षमिता ने धान्य को हराया। कोच शिवम, शालू व निखिल मुंजाल के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता करवाई जा रही है। इस मौके पर एडवोकेट यश चोपड़ा, एडवोकेट विकास, एडवोकेट विजय आदि रहे।

# तीसरी बार भी मोदी सरकार : सुमन

- सीएम नायब सैनी की पत्नी सुमन सैनी ने बताईं मोदी की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



तरावड़ी। मंच से रामकथा का वर्णन करते देवी सुदीक्षा व उपस्थित श्रद्धालुगण।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि देश में तीसरी बार लगातार जनसमर्थन से मोदी सरकार बनेगी। देश की जनता की आस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में है। पिछले 10 सालों में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। भ्रष्टाचार करने वालों पर शिकंजा कसा गया है। देश की पहचान दुनिया में बनी है। सुमन सैनी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गीता परोचा के निवास पर पहुंची थी। यहां उन्होंने लोगों से करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उप चुनाव में प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। सुमन सैनी ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी भाजपा के घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया गया है, भविष्य में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। इस मौके पर गीता परोचा व कृष्णा ने सुमन सैनी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डा. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट की। इस अवसर पर पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र, सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद, निर्मला बैरागी, रीता आनंद, सुभाष, आजाद, सुनील गुप्ता, दीपक, मेघा भंडारी, मीना कांबोज, सीमा, शशी, चारू आदि मौजूद रहे।

भगवान महावीर ने कष्टों की अग्नि में तपाकर स्वयं को कुंदन बनाया

# महापुरुष होते हैं त्याग तथा संयम के अनुपम उदाहरण

- कर्मों के लेपों को खोले बिना कर्मरहित अवस्था तक पहुंचा नहीं जा सकता :प्रमिला जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



महापुरुष सूर्य तथा चंद्रमा से भी बढ़कर तेजस्वी तथा सौम्य होते हैं। सूर्य दिन भर चमक बिखेरने के बाद शाम को अस्ताचल को चला जाता है तो अपनी सारी रोशनी समेटकर धुप्प अंधेरा पीछे छोड़ जाता है परंतु महापुरुष अपने जीवन काल में अपने करिश्माई कर्तृत्व तथा प्रभावी व्यक्तित्व से मार्गदर्शन देने के उपरांत देहत्याग के पश्चात भी अपने दिव्य संदेशों तथा कालजयी शिक्षाओं की प्रभावी विरासत अपने स्थायी अवदान के रूप में समाज को देकर जाता है। भगवान महावीर महापुरुषों की मणिमाला के एक ऐसे सुमेरु थे जिन्होंने कष्टों तथा तकलीफों की अग्नि में तपाकर अपने जीवन को कुंदन बनाया। वात्सल्यमूर्ति माता महासाध्वी प्रमिला जी महाराज ने 2623 वें महावीर जन्म कल्याणक पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में कहा कि महापुरुष सुदीर्घ कालखंड की तपस्या, साधना तथा संयम के पश्चात ही बनना संभव है क्योंकि कर्मों के लेपों को खोले बिना कर्मरहित अवस्था तक पहुंचा नहीं जा सकता।

#### ये रहे मौजूद

महापुरुष त्याग, तपस्या, आत्म संयम, इंद्रिय दमन का बेमिसाल उदाहरण समाज के सम्मुख प्रस्तुत करते हैं। साध्वी जागृति, पद्मावती जैन महिला मंडल, वीनू जैन, ममता जैन, अनिता जैन, पवन जैन, कर्मवीर, नितिन, तनुजा सचदेवा, नवीन जैन ने अपने भजनों तथा विचारों से सभी को भाव विभोर किया। वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है हिंसा पीड़ित विश्व राह महावीर की तकता है, महावीर प्रभु मेरे मन मंदिर आ जाओ, तारा है सारा जमाना प्रभु हमको भी तारो, महावीर जी मेरे अंदर अंधेरा कर दो चानना, कुंडलपुरी के लाल तेरी महिमा है अपार, भगवान महावीर नमस्कार नमस्कार आदि भजनों ने प्रभु का गुणगान किया। भगवान महावीर दरबार का अनावरण सुशील जैन (वीर ओवरसीज, घरौंडा) तथा ध्वजारोहण सुमित्रा - पवन जैन (सैक्टर 13) ने किया। सुरेंद्र जैन (जैनको टैंकज) की ओर से प्रभावना बांटी गई।

## खबर संक्षेप

### बूथ कार्यकर्ता मोदी के 400 पार के लक्ष्य के योद्धा : गजेंद्र

**पानीपत।** पूरा देश मोदी की गारंटी पर अटूट विश्वास रखता है। ये शब्द भाजपा करनाल लोक सभा के सह संयोजक गजेंद्र सलूजा ने कृष्णपुरा मंडल स्थित परशुराम धर्मशाला के अंदर बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर कहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर वोट मांगने के दिशा निर्देश दिए। गजेंद्र सलूजा ने कहा कि मोदी के 400 पार के लक्ष्य में बूथ कार्यकर्ता असली योद्धा है।

### पेंशन किसी की जा रही किसी के खाते में

**इसराना।** जिला समाज कल्याण विभाग का एक कारनामा सामने आया है। जनवरी में रमेश पुत्र भीम सिंह ने अपनी 60 वर्ष की उम्र पूरी होने पर पेंशन के लिए कॉमन सेंटर में रजिस्ट्रेशन कराया था। पेंशन जनवरी से शुरू होकर लगातार 2 महीने से आ रही थी। लेकिन बाद में पता लगा कि यह पेंशन उसके अकाउंट में न जाकर किसी और मोहन पुत्र दिलबाग सिंह के अकाउंट में पिछले दो महीन से जा रही है जबकि उसकी उम्र 60 वर्ष भी नहीं हुई है।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी के संरक्षण का लें संकल्प

**पानीपत।** आर्ट आफ लिविंग के संचालक गुरू श्री श्री रवि शंकर ने विश्व पृथ्वी दिवस पर बोलते हुए कहा कि हमारा शरीर पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश इन पञ्चभूतों से बना है। पंचभूतों में प्रथम स्थान पृथ्वी तत्व का है। संस्कृत में संपूर्ण विश्व को प्रपंच कहा जाता है। पर्यावरण हमारा पहला शरीर है जहाँ से हमें अन्न मिलता है। हमारी पाँचों इन्द्रियों का भोजन हमें हमारे वातावरण से मिलता है।

### आईबी कालेज में भाषण प्रतियोगिता

**पानीपत।** आई बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ.सुनीत शर्मा ने भी विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जय गहलोत, द्वितीय रिया और श्रुति, तृतीय स्थान पर तनु और महक रही। सांत्वना पुरस्कार वंश को दिया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सभागार की दीवारों पर बनाई मनमोहक पेंटिंग

**पानीपत ।** शिक्षा विभाग के सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में जिला के विभन्नि ललित कला प्राध्यापकों और कला शिक्षकों ने मनमोहक पेंटिंग बनाई जा रही है। बीईओ पानीपत बिजेंद्र हुड्डा के प्रयासों से शिक्षा विभाग के सभागार को सुंदर रूप प्रदान करने के लिए विगत दो दिनों से टीम पेंटिंग कार्यों में जुटी हुई है। बीईओ बिजेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में जिला कॉर्डिनेटर एवं पीजीटी फाइन आर्ट प्रदीप मलिक, ललित कला प्राध्यापक सुधीर कुमार, कला शिक्षक सुरेंद्र राठी, वेद प्रकाश, मोनिका चहल की टीम ने बीईओ बीआरसी मीटिंग हॉल की दीवारों पर शैक्षणिक, आध्यात्मिक और सजावट का महत्त्व बताती हुई वॉल पेंटिंग बनाने का कार्य शुरू किया हुआ है। सभागार की दीवारों पर राजकीय स्कूल बडौली के छात्र शगुन, सावन मिटान, राजकीय स्कूल निजामपुर के बच्चों आर्यन व जुनैद ने पेंटिंग बनाई।

### भाजपा नौल्था महिला मंडल की बैठक संपन्न

**पानीपत।** नौल्था मंडल में भाजपा महिला मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा के करनाल से प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को विजयी बनाने के लिए घर-घर जाकर महिलाओं से वोट देने के लिए मंडल की कार्यकर्ताओं को जूट जाने को कहा गया। यहां पहुंचने पर भाजपा की महिला नेताओं का मंडल की कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर निर्मला बैरागी, जिलाध्यक्ष आशु शेरा, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति शर्मा, नौल्था मंडल अध्यक्ष अन्नु शर्मा, मालती अरोड़ा, सुनीता गोयल, महक दिवान, इंदू ढांडा, राजवंती,कमला, लोकेश नांगरू आदि मौजूद रहे।

## पीड़ितों को न्याय दिलवाना प्राथमिकता रहेगी: गर्ग

# आईपीएस कुहू गर्ग का पैतृक गांव कुराना में जोरदार स्वागत

■ कुहू रविवार को अपने गांव में अपनी कुलदेवी की पूजा के लिए परिवार के साथ पहुंची थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित और अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी रही कुहू गर्ग का रविवार को अपने पैतृक गांव कुराना में पहुंचने पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया और अपनी बेटी को दिल खोलकर आंखों पर बैठाया। अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन होने के बाद कुहू रविवार को अपने गांव में अपनी कुलदेवी की पूजा के लिए अपने परिवार के साथ पहुंची थी। उनके साथ उनके पिता और उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक और वर्तमान में राई खेल विश्वविद्यालय के कुलपति



पानीपत। आईपीएस कुहू गर्ग का स्वागत करते ग्रामीण।

अशोक गर्ग, उनकी माता अलकनंदा,ताऊ नरेश गर्ग, भाई मनोज गर्ग और प्रमोद गर्ग के साथ-साथ उनके पारिवारिक सदस्य भी उपस्थित रहे। कुहू गर्ग ने अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ गांव में पहुंचने पर पारंपरिक रीति रिवाज के साथ अपनी कुलदेवी की पूजा अर्चना की। कुहू गर्ग ने बताया कि वह इस सम्मान से अभीभूत हैं और उन लोगों के लिए कृतज्ञता प्रकट करती हैं जिन्होंने मेरे इस सफर में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर मेरा साथ दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें आज यूपीएससी की सेवा में आने के बाद गर्व महसूस हो रहा है और निश्चित तौर पर सिविल सर्विस में आने के बाद वह देश और समाज की सेवा अच्छी तरह से कर पाएंगी। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वहीं उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी अशोक गर्ग ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व है और एक माता-पिता के लिए इससे बड़े सम्मान की बात क्या हो सकती है कि उनकी बेटी ने यह मुकाम हासिल किया है।

# सेना के लिए 130 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

अंसल स्थित श्री बांके बिहारी ज्ञानेश्वर मंदिर में आज रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय सेना की मेडिकल टीम ने सैनिकों के लिए रक्त एकत्रित किया। रक्तदान शिविर का आयोजन श्री बांके बिहारी ज्ञानेश्वर मंदिर समिति और कैलाश सेवा समिति ने किया। सेना के लिए रक्तदान करने के लिए लोगों में उत्साह रहा। शिविर में कुल 130 यूनिट रक्त के एकत्रित हुआ। वहीं




पानीपत। सेना के लिए लगाए गए शिविर में रक्तदान करते युवा ।

भारतीय सेना की मेडिकल टीम का स्वागत वेद विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वस्ति वाचन से किया। रक्तदान के लिए उपस्थित लोगों ने आगामी 25 मई को वोट डालने की शपथ भी ली।

## आपका एक यूनिट रक्त तीन लोगों की बचाता है जिंदगी : रेनू धीमान

**समालखा।** समय-समय पर जरुरतमंद लोगों के लिए रक्त दान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करने से बड़ा कोई दान नहीं। आपकी एक यूनिट रक्त 3 लोगों की जिंदगी बचाने में मदद करता है। उपरोक्त बातें पार्षद रेनू धीमान ने वुमन वेलफेयर के सौजन्य से आज गुरुद्वारा बस स्टैंड के पास आयोजित रक्तदान शिविर में कही। जिसमें मुख्य अतिथी संगीता शर्मा, उर्वशी गोयल व संगीता अरोड़ा रही। रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस की ओर से 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को पर्यावरण के लिए प्रेरित किया गया और फूल एवं फल के पौधे देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शीतल नेगी, नीतू,रजनी जैन,सुरेखा रोहिला,शशि जैन व पूजा आदि मौजूद रहे।



### पति की डांट से आहत पत्नी ने निगला सल्फास


**पानीपत।** शहर के नूरवाला में एक महिला ने अपने घर में सल्फास निगल लिया। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले महिला के पति ने उसे डांट दिया था। जिससे आहत होकर उसने सल्फास पी लिया। आनन-फानन में पति उसे सिविल अस्पताल ले पहुंचा। जहां इमरजेंसी वार्ड में उसे प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया है। फिलहाल महिला की हालत स्थिर बनी हुई है। जानकारी देते हुए अतरिश ने बताया कि वह शहर की नूरवाला कॉलोनी का रहने वाला है। उसकी पत्नी सबाना है। वह चार बच्चों का पिता है। उसके 8 वर्षीय छोटे बेटे अशरद का दो दिन पहले ही गली में खेलते हुए हाथ टूट गया था। इसी को लेकर उसने अपनी पत्नी सबाना को डांट दिया था। दरअसल बीते कुछ दिनों पहले तीसरे नंबर की बेटी नजमा का भी खेलते हुए नाक टूट गया था।

# ब्रह्माकुमारीज का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

■ जब तक कर्मेन्द्रियों पर शासन नहीं करेंगे तब तक कुशल शासक नहीं बन सकते : बीके पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

ब्रह्माकुमारीज के प्रशासन विंग की ओर से ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर में राष्ट्रीय स्तर पर 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू से उक्त विंग के समन्वयक बीके हरीश, दिल्ली से वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके पुष्पा, बीके उर्मिल, बीके लक्ष्मी एवं सिरसा से ब्रह्माकुमारी बिंदु बहन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके



पानीपत। दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण ।

अलावा अनेक राज्यों से इस विंग से जुड़े विभिन्न फैकल्टी मेंबर भी ट्रेनिंग में पहुंचे। ज्ञान मानसरोवर निदेशक बीके भारत भूषण ने बताया कि वैसे तो ब्रह्माकुमारीज संस्था में समाज के हर वर्ग तक अपनी सेवाएं पहुंचाने हेतु अलग-अलग करीब 20 विंग्स बनाई हुई है। उनमें से ही यह एक प्रशासनिक विंग भी है। इस विंग की मीटिंग का मुख्य उद्देश्य यही था कि ब्रह्माकुमारीज की सेवाएं प्रशासनिक अधिकारियों तक भी पहुंचाई जाएं और इसके लिए कुछ नई-नई योजनाएं बनाई जाएं। बीके पुष्पा दीदी ने कहा कि स्व शासन के द्वारा ही कुशल शासन संभव है। जब तक हम अपनी कर्मेन्द्रियों पर शासन नहीं करेंगे तब तक कुशल शासक नहीं बन सकते। इसलिए निरंतर मेडिटेशन का अभ्यास कर स्वयं में नियंत्रण शक्ति को लाना चाहिए। ब्रह्माकुमार हरीश ने कहा स्वपरिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन की शुरुआत होगी। इसलिए औरों को बदलने से पहले खुद को बदलो तो जग बदलेगा। इस मौके पर पानीपत सर्किल इंचार्ज राजयोगिनी सरला दीदी ने राजयोगा मेडिटेशन का अभ्यास कराया। कुमारी परी, नायसा और श्वेता ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। मंच संचालन बीके सुनीता बहन ने किया।

## कांग्रेस के 55 साल के शासन पर भाजपा सरकार के 10 साल भारी : महीपाल ढांडा



**पानीपत।** पंचायत मंत्री महीपाल ढांडा करनाल लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी मनोहर लाल के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से मिलकर उनके लिए चुनाव प्रचार कर रहे है। रविवार को भी वो पानीपत ग्रामीण विधानसभा के बबैल मण्डल के गांवों में पहुँचे। यहां पंचायत मंत्री ने निजामपुर, गढ़ सरनाई, पलहेड़ी, नम्बिरी और कुटानी गांवों में ग्रामीणों को कमल पर बटन दबाकर मनोहर लाल को वोट देने की अपील की। लोग कांग्रेस के 55 साल का शासन और मोदी सरकार के 10 सालों के शासन का मूल्यांकन करेंगे तो पाएंगे कि मोदी के 10 साल 55 साल पर भारी हैं। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष संजय त्यागी, बद्दि सरदार, कृष्ण आर्य, विनोद सरपँच,रामरतन सरपँच,नवाब, अनिल शर्मा व देवेंद्र संधू आदि मौजूद रहे।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी : दुष्यंत भट्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

जट्टू राम धर्मशाला तहसील कैंप में भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया ने की। सम्मेलन को पूर्व जिला उपाध्यक्ष देव मलिक, पूर्व पार्षद अंजली शर्मा, धर्मपाल चोपड़ा, ओम दत्त आर्य, पंकज खुसरीजा व अलका शर्मा ने भी



तहसील कैंप पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का स्वागत करते मंडल कार्यकर्ता ।

संबोधित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और यह पार्टी 24 घंटे 7 दिन चुनावी मोड में रहती है। दुष्यंत भट्ट ने कहा कि हर मतदाता को उसके बूथ पर मतदान करवाकर जीत दिलाने में पन्ना प्रमुख एवं बूथ अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# सैनिक भवन मील का पत्थर साबित होगा : डा.सुदीप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इसराना

पानीपत-रोहतक नेशनल हाईवे पर गांव बलाना ग्राम पंचायत द्वारा सैनिक भवन नर्मिाण की आधारशिला डा.सतबीर सिंह सहरावत के कर कमलों से रखवाई गई। पानीपत जिला भूतपूर्व सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष डा.सुदीप सांगवान ने कहा कि आने वाले समय में यह भवन मील का पत्थर साबित होगा। इस भवन के बनने से भूतपूर्व सैनिक संगठन अपनी बैठकों के अलावा अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जा सकतें हैं। वहीं भूतपूर्व सैनिक संगठन के सचिव डा.सतबीर सिंह सहरावत ने कहा कि



पानीपत। भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी गांव बलाना में सैनिक भवन की आधारशिला रखते हुए।

हम आभारी हैं ग्राम पंचायत बलाना सरपंच के साथ-साथ करनाल के सांसद संजय भाटिया के। जन्हिोंने भूतपूर्व सैनिक संगठन की मांग पर अपने सांसद कोटे से सैनिक भवन नर्मिाण के लिए 11 लाख रूपये भी दिये। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री रोशन लाल माहला, रामनिवास शर्मा, अजय भुककर, संदीप बुडशाम, जयभगवान जागलान, राज रूप जागलान, मा.सोमबीर सिंह पलडी, देवेन्द्र जागलान, हवासिंह, कैप्टन प्रताप सिंह, दलबीर सिंह जागलान, कप्तान सिंह, महेन्द्र सिंह आदि भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## आर्य कन्या विद्यालय में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आर्य कन्या वरष्ठि माध्यमिक विद्यालय परिसर में आर्य छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी विनीत गर्ग रहे।

विशिष्टि तिथि कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान और रेखा जैन रहे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधान सुमित्रा अहलावत ने की। प्राचार्य स्वीटी छिकारा ने सभी का स्वागत किया। सभी वक्ताओं ने ऋ षि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद और समाजवादी महाराजा अग्रसेन को भी बार-बार याद किया। समारोह को अनिल गर्ग, मोनिका गुप्ता और सुमित्रा अहलावत ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने इस विद्यालय के पुस्तकालय का नवीनीकरण करवाने की घोषणा की और प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यादान से बड़ा कोई दान नहीं होता। इसलिए सभी अध्यापक को अभिभावकों और समाज सेवी संस्थाओं को विद्यालयों में बढ़ चढक़र दान देना चाहिए।

# 1100 सुहागिन महिलाएं उठाएंगी मंगल कलश

■ श्री अवध धाम मंदिर के वार्षिक महोत्सव पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव 23 से 29 अप्रैल तक होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

कुटानी रोड स्थित श्री अवध धाम मंदिर के वार्षिक महोत्सव पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव 23 से 29 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। कथा का समय दोपहर 3 बजे से लेकर 7 बजे तक होगा। यह जानकारी देते हुए श्री अवध धाम मंदिर में ज्योतिषचार्य एवं श्री अवध धाम मंदिर के परमाध्यक्ष



पानीपत। पत्रकारों को जानकारी देते हुए दाऊ जी महाराज व अन्य ।

दाऊ जी महाराज ने देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत रसिक पंडित राधे-राधे महाराज अपने श्री मुख से करेंगे। इस पावन पवित्र कथा में राष्ट्र के महान संतों का पावन सानध्यि एवं आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। जिसमें महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज, स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज, कांता देवी महाराज, अरुण दास महाराज, महन्त लोकेश दास महाराज, ब्रह्मऋषि महाराज शामिल होंगे। मंच संचालक एवं प्रवक्ता वेद बांगा ने बताया कि 23 अप्रैल को मंगल कलश पूजन एवं विशाल शोभायात्रा में महिलाएं 1100 मंगल कलश अपने सिर पर धारण करके नगर परिक्रमा करेंगी। चेयरमैन डॉ.रमेश चुघ ने बताया की नंद महोत्सव एवं बाल कृष्ण पूजा की जायगी। कथा के उपरांत वैदिक मंगल आरती की जाएगी एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। सचिव सतीश तागरा ने बताया एक कथा के दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन प्रातः काल 7 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक भागवत पूजन एवं भागवत कथा का मूल पाठ वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा किया जाएगा एवं 29 अप्रैल को पूर्णाहुति महायज्ञ प्रातः 7 बजे से लेकर 9 बजे तक किया जाएगा।

### बुजुर्गों का सामूहिक जन्मदिन मनाना अच्छी सोच

**पानीपत।** वरष्ठि नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक का आयोजन आज किया गया। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सेठी ने की और मुख्य अतिथि समाजसेवी पूर्व निगम पार्षद विजय जैन रहे। मंच संचालन समिति के महामंत्री ओम ढींगरा व वेद बांगा ने किया। अप्रैल मास में जिन सभी सदस्यों का जन्मदिन आता है उन सभी को सम्मान दिया गया और जन्मदिन मनाया गया। महामंत्री ओम ढींगरा ने बताया की वरष्ठि नागरिक को कभी भी पारिवारिक या सामाजिक कहीं पर भी कोई भी कठिनाई आएगी उसमें हमारे समिति सदस्य सहयोग के लिए तैयार हैं।

## भगवान महावीर का 2623वां जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया

# श्री दिगंबर जैन समाज ने महावीर की रथयात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जैन मोहल्ला में वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्मोत्सव को श्री दिगंबर जैन समाज के द्वारा मनाया गया। प्रातः की बेला में विमानोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 100 वर्ष प्राचीन भगवान पारसनाथ की प्रतिमा को श्री दिगंबर जैन नेमिनाथ मंदिर मेन बाजार से



पानीपत। भगवान महावीर जी के रथ के साथ अतिथिगण व आयोजक।

पालकी में विराजमान कर जैन किड्स स्कूल जैन मोहल्ला के प्रांगण में लाया गया। जहां पर प्रभु का अभिषेक व पूजन लोगों द्वारा किया गया। तत्पश्चात रथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ। रथ यात्रा का शुभारंभ पर दीप प्रज्जवलन समाजसेवी सुरेंद्र जैन, पूर्व प्रबंधक राजेंद्र जैन, पूर्व प्रबंधक दीपक जैन, रवद्रिं जैन एवं राहुल जैन क्राउन इंटरनेशनल ने किया। मंगलाचरण जैन कड्सि स्कूल और जिनवाणी वद्यिा भारती सीनियर सैकंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया। वहीं भगवान को रथ पर लेकर बैठने का सौभाग्य नरेश जैन जाटल वाले परिवार को प्राप्त हुआ। जबकि भगवान का सारथी बनने का सौभाग्य रविंद्र जैन हुड्डा परिवार को प्राप्त हुआ। साथ ही भगवान के रथ पर चांदी के पुष्पों की वर्षा करने का सौभाग्य राजेश जैन अंसल परिवार को, भगवान की पहली आरती का मनीष जैन आशी जैन परिवार को, भगवान को चंवर करने का सौभाग्य संदीप जैन एवं विकास जैन सुखदेव नगर परिवार को प्राप्त हुआ। श्री दिगंबर जैन पंचायत के प्रधान कुलदीप जैन ने बताया कि यह वर्ष भगवान महावीर स्वामी के 2550 में निर्वाण उत्सव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है ।

## दिव्यांगों की सेवा भगवान की सेवा : प्रवीन जैन

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की ओर से आज महावीर जयंती के उपलक्ष पर 2 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर वितरण की गई। समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया 3 दिन पहले ही जरूरतमंद दिव्यांग बच्चों की व्हील चेयर की डिमांड आई थी। वहां पर जाकर देखा एक बच्ची 11 साल की है जो न सुन सकती हैं न बोल सकती है। दूसरी ओर 2 बच्चे जो 19 साल व 23 साल के है जो न चल फिर सकते हैं न बोल सकते हैं। गुड़िया को बुलाकर अग्रवाल मंडी कार्यालय पर व्हील चेयर भेंट की जबकि दूसरे दो बच्चों को आज उनके घर पर ही व्हील चेयर भेंट की। प्रवीण जैन ने कहा बहुत ही भाग्यशाली हैं हम जो बाबा भोले नाथ ने जरूरतमंद की सेवा करने के लिए हमें चुना है। जरूरतमंद दिव्यांगों की सेवा भगवान की सेवा के बराबर होती है। इस मौके पर प्रमोद जैन, नीरज जैन, अंकित माटा, शिवम व विकास जैन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शांति भंग करने के मामले में 3 काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब पीने व आम नागरिकों की शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार, मलकीत सिंह व भगत कुमार को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब पीकर सार्वजनिक स्थल पर हंगामा कर लोगों की शांति भंग कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों आरोपियों को काबू कर उनके खिलाफ केस दर्ज किया है।

### पुलिस ने जांच में महिला को किया शामिल

**अंबाला।** थाना सैक्टर 9 में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को मामले में शामिल जांच किया है। पीड़ित महिला ने 12 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 दिसंबर 2017 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### रजनाकलां में मारपीट करने पर तीन नामजद

**जींद।** गांव रजनाकलां में व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रजाना कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रामनिवास, उसके बेटे नवीन तथा प्रवीण ने उसके साथ मारपीट की तथा जातिसूचक गालियां दी। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर तीनों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आज होगा तीसरा राम-श्याम मासिक संकीर्तन

**उचाना।** श्रीराम परिवार युवा सेवा समिति उचाना मंडी द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 22 अप्रैल को तीसरा राम-श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। समिति सदस्य रितिक गर्ग ने बताया कि शहर की लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में कीर्तन का आयोजन होगा। समाज सेवी एवं तेरापंथ जैन भवन के प्रधान लाला रामनिवास जैन मुख्य अतिथि होंगे।कलाकारों ने हनुमान के भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

## इनेलो को झटका, जग्गी ने समर्थकों संग कांग्रेस का दामन थामा

# हर कार्यकर्ता को मिलेगा पूरा मान सम्मानः एड. रोहित जैन

रोहित जैन सभी नए सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस परिवार में शामिल कर उनका स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेसी नेता रोहित जैन।

अंबाला शहर के जोगिवाड़ा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के कुशल नेतृत्व व स्नेहित मार्गदर्शन में कांग्रेस मैनिफेस्टो कमेटी के सदस्य व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन की अध्यक्षता में इनेलो नेता ओमप्रकाश जग्गी (डिंपल) साथियों सहित कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। रोहित जैन सभी नए सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस परिवार में शामिल कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर भारी संख्या में मौजूद समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए रोहित जैन की अध्यक्षता में पार्टी का दामन थामा। जैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अकेली एक पार्टी नहीं बल्कि एक विचारधारा है और हम लोगों को चाहिए कि हम इसी विचारधारा का पुरजोर तरीके से प्रचार प्रसार करते रहें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते हम लोगों की यह जम्मिेदारी बनती है कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का खुलकर विरोध करें एवं आमजन को भी इनके बारे में जागरुक करें। इस अवसर पर रोहित जैन ने वर्तमान स्थितियों पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। जैन ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि दस साल सत्ता में रहने के बाद भी मोदी सरकार के पास आज भी कांग्रेस को कोसने के सिवाय और कहने बताने को कुछ नहीं है क्योंकि उन्होंने बीते दस सालों में कोई ऐसा काम नहीं किया जिसे वो गिनवा सकें और न ही उनके खाते में कोई ऐसी उपलब्धि है जिसके दम पर वो देश की जनता से वोट मांग सकें। भाजपा ने पिछले दस वर्षों में पूंजीपतियों का पेट भरने के सिवाय कुछ नहीं किया। जिस समय में एक सूई तक न बनती थी कांग्रेस ने उस समय जहाज बनाया लेकिन बीजेपी सरकार उन सभी चीजों को बेचने में तुली है। जनसभा में लोगों ने पेंशन खातों में न आने, गांधी स्कूल से लेकर चौक तक गंदगी का जक्रि किया जिस पर रोहित जैन ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही आमजन से जुड़ी समस्या चाहे वह पेंशन की हो या एनडीसी की हो इन सभी समस्याओं का हल प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।जैन ने कहा कि आने वाले लोकसभा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूत करना प्रत्येक कार्यकर्ता की जम्मिेदारी है और हमने मजबूती से आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटियों को जन जन तक पहुंचाना है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कुलदीप सिंह गुल्लू, अशोक बरतिया, रोहित गर्ग, देवेंद्र बजाज, हरजीत सिंह बबल, देवराज देवा, जितेंद्र पाल सोढ़ी, अधिवक्ता संदीप कुमार शर्मा, अधिवक्ता गौरव कुकरेजा, राजन मेहंदीरत्ता, अधिवक्ता खुशी राम सैनी, अजय गौड, विपिन गर्ग व भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महावीर जयंती पर निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



**मुलाना।** जैन स्थानक पर झंडा बदलते हुए पदाधिकरी। फोटो : हरिभूमि

एसएस जैन सभा के तत्वाधान में जैन समाज ने हर्षोल्लास से 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर जयंती मनाई। इस पावन अवसर पर जैन सभा ने सुबह 5 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया।

प्रभात फेरी जैन स्थानक से शुरू होकर मुलाना के मुख्य रास्तों से होते हुए जैन स्थानक प्रांगण पर संपन्न हुई। इसके बाद जैन स्थानक पर एसएस जैन सभा सदस्यों के द्वारा ध्वज रस्म अदा की गई। जिसमें जैन स्थानक पर ध्वज बदला गया। सभा के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी ने 12 वर्षो की कठिन तपस्या के बाद जो आत्म ज्ञान प्राप्त किया था। उसी के आधार पर उन्होंने समाज कल्याण के लिए पंचशील का सद्धिांत दिया था। उसमें जीवन में सत्य, अहिंसा, अस्तेयस, ब्रह्मचर्य और अपरग्रिह मुख्य थे। जिससे समाज को नई राह व जीओ और जीने का सद्धिांत मिला। इस दौरान समाज से काफी संख्या में पुरूष व महिलाएं मौजूद रही। मौके पर प्रधान अशोक जैन, राममुर्ति जैन,प्रवक्ता श्रीपाल जैन, अशोक जैन तलहेड़ी, दिनेश गोयल, उमेश जैन, भूषण जैन, अरिहंत जैन ,शंटी जैन, बनारसी दास, केवल कृष्ण, जगमोहन जैन, रामकुमार जैन, छोटा जैन, प्रवीन जैन, रिषभ जैन, अभय जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

### सात लाख क्विंटल के करीब पहुंची गेहूं की खरीद

**उचाना।** निरंतर मंडी में गेहूं की आवक बढ़ने से मंडी के फड़ों, सड़क किनारे बढ़े-बढ़े ढेर नजर आ रहे है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि अब तक उचाना मंडी, छातर सब यार्ड एवं परचेज सेंटरों पर 699811 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। उचाना मंडी में डीएफएससी ने 315992, हैफेड ने 193238 क्विंटल की खरीद की है। छातर सब यार्ड में डीएफएससी ने 55335 क्विंटल, हैफेड ने 46455 क्विंटल खरीउ हुई।

### गीता रिष्याण बनी महिला सकीर्तन मंडल की संरक्षक



**पिहोवा।** शिव पुरी रोड़ स्थित श्री गोबिंदानंद आश्रम ठाकुर की व्यवस्थापक महंत सर्वेश्वरी गिरी ने बताया कि भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं आश्रम के संस्थापक महंत बंसी पुरी, महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरी के सानिध्य में समाजसेवी महिला गीता रिष्याण को गोबिंदानंद आश्रम महिला संकीर्तन मंडल की संरक्षक बनाया गया है। महंत सर्वेश्वरी गिरी ने बताया कि धर्म के प्रचार व लोगों को सनातन संस्कृति के साथ जोड़ने व जागरूक करने व प्रचार के लिए महिला संकीर्तन मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जो आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि गोबिंदानंद आश्रम में हर वर्ष चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि पर शतचंडी महायज्ञ पाठात्मक, कन्या पूजन के साथ समय समय पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है जिसमें महिला संकीर्तन मंडल की विशेष भूमिका होती है।

# भगवान महावीर ने अहिंसा सेवा व समर्पण का रास्ता दिखायाः सुरेंद्र मुनि

- जैन स्थानक में मनाया गया भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** कथा सुनाते हुए जैन मुनि। फोटो : हरिभूमि

जैन स्थानक में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्यान वाचस्पति पूज्य गुरुदेव सुरेंद्र मुनि महाराज के शष्यि उप प्रवर्तक सुभाष मुनि महाराज व प्रवचन दिवाकर सुधीर मुनि महाराज ने अपनी वाणी से भक्तों को निहाल किया। उन्होंने भगवान महावीर स्वामी के जीवन काल पर व उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। अपने प्रवचन में सुधीर मुनि महाराज ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी हमें अहिंसा, सेवा, समर्पण एवं समभाव का रास्ता दिखा कर गए हैं जोकि न केवल जैन समाज के लिए बल्कि पूरे वश्वि के लिए अनुकरणीय है। इस अवसर पर बराड़ा, धनौरा, मुलाना, उगाला आदि विभन्नि स्थानों से श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे। एसएस जैन सभा की ओर से गौतम प्रसादी का वितरण किया गया व महिला मंडल की ओर से ठंडे दूध का प्रसाद वितरण किया गया। कथा के पश्चात प्रसाद गुप्त दान के रूप में श्रद्धालुओं के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर एसएस जैन सभा के प्रधान नरेश जैन, सचिव भूपद्रिं जैन, कोषाध्यक्ष बिमल जैन, प्रवक्ता श्रीपाल जैन , सुशील जैन, अशोक जैन, ज्ञानचंद जैन, विजय जैन, संजीव जैन, जयकुमार जैन, प्रमोद जैन, कृष्ण जैन, सुदर्शन जैन, कपिल जैन, साहब सिंह , सुनील जैन, अनिल गोयल आदि मौजूद रहे।

### खटकड़ में किसानों की महापंचायत आज

**जींद।** पिछले एक माह से जिला कारागार में बंद किसान नेता अनीष खटकड़ की रिहाई नही होने पर अब किसानों ने महापंचायत करने का फैसला लिया है। सोमवार को खटकड़ गांव में किसानों की महापंचायत होगी। इस महापंचायत में शंभु बॉर्डर से भी काफी संख्या में किसान आएंगे। इसके अलावा दलजीत सिंह डल्लेवाल, सरवन सिंह पंढेर, लखविंदर सिंह सिरसा, अभीमन्यू कोहाड़ भी शामिल होंगे। आयोजकों ने कहा कि यदि किसान नेताओं को रिहा नहीं किया तो किसान कोई भी बड़ा फैसला ले सकते हैं।

खटकड़ टोल कमेटी के संयोजक कैप्टन भूपेंद्र सिंह जागलान, हरिकेश काब्रछा, कैप्टन वेदप्रकाश बरसोला ने कहा कि 13 फरवरी को दातासिंह वाला बॉर्डर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कुछ किसान नेताओं को गिरफ्तार किया था।

# इनेलो ने अंबाला लोकसभा सीट से सिख प्रत्याशी उताकर सिख समाज का बढ़ाया मानः शीशपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते इनेलो नेता व प्रत्याशी।

इनेलो कार्यकर्ताओं की मीटिंग जिलाध्यक्ष शीशपाल जंधेड़ी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। मीटिंग मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती ने बतौर मुख्यथिति शिरकत की। साथ ही अंबाला लोकसभा से इनेलो प्रत्याशी गुरप्रीत सिंह कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात करने पहुंचे। इस अवसर पर प्रकाश भारती ने कहाकि बीजेपी परिवारवाद के खात्मे की बात करती है लेकिन सबसे ज्यादा परिवारवाद बीजेपी ही फैला रही है। अंबाला लोकसभा क्षेत्र से बंतो कटारिया को प्रत्याशी बनाना परिवारवाद का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जिलाध्यक्ष शीशपाल जंधेड़ी ने कहाकि इनेलो ही प्रदेश का एकमात्र क्षेत्रीय दल है जो जनता के हितों की रक्षा करता है। इनेलो सरकार मे ही सुरक्षित रह सकते है। प्रत्याशी गुरप्रीत सिंह ने इनेलो उनकी प्राथमिकता बड़ा उद्योग लगाकर शिक्षा देना, उत्तम दर्जे की शिक्षा व्यवस्था करना और वश्विस्त्रीय स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाना रहेगा। इस अवसर पर ओंकार सिंह ने कहा कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला, अभय सिंह चौटाला और पार्टी हाईकमान ने अंबाला से सिख प्रत्याशी को उतारकर पूरे सिख समाज का मान सम्मान बढ़ाया है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमाल सिंह रोलों, सोम नाथ बोह, मेहर सिंह जाट, पूर्ण प्रकाश सैनी, अवतार सिंह शेरगिल, जसवद्रिं सकराहों, एथलीट सिंह, अकाली दल के हलका अध्यक्ष नवजीत सिंह कोहली, भजन सिंह आदि रहे।

# कानून प्रवर्तन पर व्यावहारिक सत्र का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक आर .के. शास्त्री व प्रिंसिपल रवि वर्मा। फोटो : हरिभूमि

टैगोर पब्लिक स्कूल पिहोवा के लीगल लिटरेसी क्लब ने पुलिस विभाग के सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में /"क्या सही है और क्या भ्रष्ट है/" शीर्षक से एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया। इंस्पेक्टर सतबीर ने चर्चा का नेतृत्व करते हुए पोस् पोक्सो और सड़क सुरक्षा जैसे प्रमुख कानूनों पर प्रकाश डाला। टैगोर ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अध्यक्ष के.एल. वत्ता ने छात्रों में कानूनों का पालन करने के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने में माता-पिता और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। स्कूल प्रबंधक आर.के. शास्त्री, प्रिंसिपल रवि वर्मा ने छात्रों से स्कूल परिसर के भीतर और बाहर दोनों जगह नियमों का पालन करने का आग्रह किया। स्कूल प्रबंधन समिति ने छात्रों की कानूनी जागरूकता बढ़ाने में उनके अमूल्य योगदान के लिए पुलिस अधिकारियों की सराहना की।

### 48 घंटे बाद मिला तालाब में डूबे युवक का शव

**जुलाना।** मालवी गांव में तालाब में डूबे युवक का शव 48 घंटे बाद तालाब से बरामद हुआ। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जींद भेज दिया। शनिवार को ग्रामीणों ने शव को तालाब में तैरते देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला। वीरवार को क्षेत्र के मालवी के तालाब में एक युवक डूब गया। ग्रामीणों ने सूचना डायल 112 पर दी। ग्रामीणों ने बताया कि वीरवार को सुबह 11 बजे मालवी निवासी 32 वर्षीय सम्मत तालाब में नहाने के लिए उतरा था। कुछ देर बाद तालाब में डूब गया।

# आठ प्रकार के विवाह में सर्वश्रेष्ठ ब्रह्म विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सेक्टर-8 हाऊसिंग बोर्ड पार्क में श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने छठे दिन कहा कि हमारे धर्म शास्त्रों में आठ प्रकार के विवाह का वर्णन किया गया है विदर्भ राज नरेश की पुत्री महारानी रुक्मिणी का विवाह भाई रुक्मी ने मगध नरेश शिशुपाल के साथ में निश्चित किया था। भाई रुक्मी को यह पता नहीं था कि मेरी बहन रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी की अवतार है। रुक्मिणी को वह सामान्य कन्या समझता था, इसलिए सामान्य जीव के साथ में विवाह करना निश्चित किया किंतु रुकमणी अपने भाई के मानसिक विचारों से पूर्णतया परिचित थी। इसलिए रुक्मिणी ने अपने विवाह हेतु द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण को अपने कुल पुरोहित व ब्राह्मण द्वारा एक पत्र भेजा उस पत्र में भगवान श्री कृष्ण की बहुत सारी विशेषताओं का वर्णन करते हुए बतलाया था, कि मैं साक्षात लक्ष्मी की अवतार हूं आप जानते हैं। इसलिए मेरा पानी ग्रहण विवाह आदि संस्कार आपके साथ में होगा तो उचित होगा इसलिए आपसे प्रार्थना करती हूँ, कि आप समय पर पधार कर और मंदिर के गर्भगृह में ही भगवती महामाया गोरी को निवेदन अर्चन वंदन पूजन करके आपके साथ ही द्वारिका चलूंगी और आप द्वारिका में ही शास्त्रीय वैदिक परंपरा के अनुसार विवाह आदि संस्कार कर लीजिएगा। कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि आठ प्रकार के विवाह में सर्वश्रेष्ठ विवाह ब्रह्म विवाह है। इस अवसर पर दया कृष्ण बंसल, पर्शद किरण बंसल, डॉ अर्चना सिंह, डॉ विजेंदर सिंह तोमर,नवीन बंसल, डॉ. कुमार आनन्द, अशोक बिश्नोई, राजेश बिश्नोई, शकुन्तला बिश्नोई, नरेश गर्ग, मीनू गर्ग, ऐडवोकेट रमेश राणा, जसविंदर पबनावा, अशोक गर्ग, सुनीता बंसल, सरिता शर्मा, मीरा सिंह, अनिता देवी, बबिता देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

# शुरू हुई इलेक्ट्रॉनिक इलेक्ट्रोरल फोटो आईडी कार्ड की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डिजिटलाइजेशन के बढ़ते दौर में चुनाव आयोग ने भी कई महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। भारत नर्विाचन आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्ट्रोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु की हुई है। चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार ने बताया यदि मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो जाये या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वे ब सा इ ट वोटस.र्ईसीआई.जीओवी.इन से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकता है। इसे प्रिंट भी करवाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजिलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है।चुनाव तहसीलदार ने बताया कि जिला के नए वोटर राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल ईसीआई.जीओवी.इन पर विजिट कर यह कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

## छावनी के सिविल अस्पताल में दो दिन तक चली ह्रदय रोग विशेषज्ञों की कार्यशाला

# दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित 29 मरीजों का हुआ उपचार

कार्यशाला के पहले दिन शनिवार को डॉ. मिनाल खन्ना द्वारा कार्यशाला के एजेंडे पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



कार्यशाला के दौरान दिल के मरीजों का उपचार करते चिकित्सक।

अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में चल रही ह्रदय रोग विशेषज्ञों की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला रविवार को संपन्न हो गई। इसमें ह्रदय रोगियों को आने वाली परेशानियों, उनके उपचार में प्रयुक्त अत्याधुनिक तकनीक एवं कौशल पर बाकायदा केस डेमोंस्ट्रेशन के साथ चर्चा की गई। सिविल अस्पताल में राज्य सरकार के साथ पीपीपी. मोड पर संचालित मेडट्रिनि हार्ट सेंटर के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रथाप कुमार एन. ने कांप्लेक्स पीसीआई विद इमेजिंगह्ल विषय पर आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता की, जबकि कार्यशाला में पीजीआई चंडीगढ़ के एडवांस कार्डिक सेंटर में प्रोफेसर डॉ. राजेश विजयवर्गीय समेत देश के विभन्नि भागों से आए 25 ह्रदय रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस संबंध में मेडट्रिनि हार्ट सेंटर के हैड जेवी सिंह रजवाड़ ने बताया कि कार्यशाला के पहले दिन शनिवार को डॉ. मिनाल खन्ना द्वारा कार्यशाला के एजेंडे पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद डॉ. प्रथाप कुमार एन ने पीसीआई के दिशा-नर्दिेशों एवं रणनीतियों और डॉ. मनु आर द्वारा सीटीओ टूल बॉक्स पर व्याख्यान दिए गए। फिर डॉ. प्रथाप कुमार एन., डॉ. बलेसविन जिनो, डॉ. अनिल सूद, डॉ. राजेश विजयवर्गीय, डॉ. मनु आर., डॉ. मिनाल खन्ना ने बाकायदा ह्यलैफ्ट मैन पीसीआईह्ल, ह्यएंटेग्रेड अप्रोच टू सी.टी.ओ.ह्ल, ह्यइमेज गाइडिड बाइफरकेशन पी.सी.आई.ह्ल, ह्यरैट्रोग्रेड अप्रोच टू सीटीओ केस डेमोंस्ट्रेशन के जरिए नवोदित ह्रदय रोग विशेषज्ञों को रोगियों की पेचिदा बीमारी का उपचार करके दिखाया। ऐसे हर रोगी के मामले को वस्तिार से समझाया। कार्यशाला के पहले दिन गंभीर हालत में पहुंचे 12 ह्रदय रोगियों का उपचार किया गया। रजवाड़ के अनुसार रविवार को दूसरे दिन कार्यशाला की शुरुआत डॉ. प्रथाप कुमार एन., डॉ. राजेश विजयवर्गीय और डॉ. मनु आर. ने व्याख्यान दिए और डा. प्रथाप कुमार एन., डा. बलैसविन जिनो, डा. अनिल सूद ने ह्यकैल्सिफाइड लिजन पीसीआई. - इमेजिंग एंड रोटा एसस्टिडेह्ल और ह्यपीसीआई इन स्टेंट रेस्टेनोसिस लिजनह्ल का केस डेमोंस्ट्रेशन देकर ह्रदय रोगियों का उपचार किया। इसके अलावा डा. प्रथाप कुमार एन. ने ह्यपोस्ट केस डस्किशनह्ल और ह्यऐन इंटरेस्टिंग चिप केसह्ल पर वस्तिार से चर्चा की। कार्यशाला के दूसरे दिन गंभीर हालत में पहुंचे 17 ह्रदय रोगियों का उपचार किया गया। कार्यशाला के समापन समारोह के दौरान प्रतिभागी चिकत्सिकों को प्रतिभागी प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यशाला के संबंध में ह्रदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रियंका ठाकुर ने बताया कि हार्ट सेंटर ज्वाइन करने के बाद उनकी राष्ट्रीय स्तर की यह पहली कार्यशाला थी। नश्चिति तौर पर इस कार्यशाला से नवोदित ह्रदय रोग विशेषज्ञों को बहुत लाभ होगा।